an>

Title: Need to start skill development and training programme in Gadchiroli-Chimur parliamentary constituency, Maharashtra.

श्री अशोक महादेव नेते (गढ़चिरोली-चिमूर) ः केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर के आतंकवाद प्रभावित क्षेत्रों में कौशल विकास आधारित रोज़गार एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की है ताकि वहां के युवकों को रोज़गार के साधन उपलब्ध कराकर उन्हें राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। आज देश के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी इस कार्यक्रम को क्रियान्वित किये जाने की जरूरत है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह देश के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों विशेषतः महाराष्ट्र राज्य के गढ़चिरोली-चिमूर जनजातीय संसदीय क्षेत्र, जो नक्सलवाद से अति प्रभावित क्षेत्र है और अति पिछड़ा हुआ भी है, वहां के युवकों के लिए वरीयता के आधार पर कौशल विकास आधारित रोज़गार एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम को क्रियान्वित किये जाने हेतु आवश्यक कदम उठाए, जिससे नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों के युवकों को रोज़गार के साधन उपलब्ध हो सकें और वे भी राष्ट्र की मुख्य धारा से जुड़ सकें।